नीला घोड़ा लाल लगाम

नीला घोड़ा लाल लगाम,
उस पर बैठा बाबा श्याम,
मेरा हितकारी तीन बाण धारी,
यही तो बनाए मेरे काम,
नीला घोड़ा लाल लगाम.....

हर सपना सच होता यहां पे देखा है,
सुख में बदले दुख वाली हर रेखा है....-2
चाहे आज़मालो श्याम के कर्म से ही,
दूर होती मुश्किलें तमाम,
नीला घोड़ा लाल लगाम.....

क्या लिखूं क्या गाऊं इसकी शान में,
इसका तो चर्चा सारे जहान में....-2
दर पे जो भी आता मेरे सांवरे का,
रह जाता बन के गुलाम,
नीला घोड़ा लाल लगाम ....

जो नज़रें कर लेती हैं दीदार इसका,
दूजा कोई उन आंखों में ना टिकता....-2
सारे नज़ारे फिर लागे फीके,
प्यारा लगे बस खाटू धाम,
नीला घोड़ा लाल लगाम,
उस पर बैठा बाबा श्याम,
मेरा हितकारी तीन बाण धारी,
यही तो बनाए मेरे काम,
नीला घोड़ा लाल लगाम.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23720/title/neela-ghoda-laal-lagam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |